# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोबापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।
**E-mail:-** exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक 1886 / W-19 / 81 दिनांक 08/05/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी
सुलतानपुर।

**विषय :—दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक 08.05.2026 को प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र **दैनिक जागरण** में दिनांक 08.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **"पांच करोड़ 51 लाख खर्च, तीन साल में पांच प्रतिशत टंकी बनीं"** के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद सुलतानपुर के विकासखण्ड–भदैया के अन्तर्गत अभियाकला पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, उच्च जलाशय (275 किली0 / 16मी0)–01 नग, पाइप लाइन–28.05 किमी0, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, एफ0एच0टी0सी0–891 नग, सोलर–01 नग है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–01 नग पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग पूर्ण, उच्च जलाशय 01 नग प्रथम ब्रेस के ऊपर कॉलम तक कार्य (25%) पूर्ण, पाइप लाइन–20.50 किमी0 पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0–150 नग पूर्ण, सोलर–01 नग पूर्ण हो चुका है। योजना की कार्यलागत रू0 551.50 लाख के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को रू0 176.90 लाख का भुगतान हो चुका है।

कार्यदायी फर्म को पेयजल योजनाओं के धीमी प्रगति होने के कारण अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 2862/W-22 (Vindhya-GAJA (JV)/ (Sultanpur) Tech-05/ 2024-25 दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 द्वारा 1% L.D. अध्यारोपित भी किया गया है।

समाचार में पत्र में प्रकाशित खबर कि योजना पर पांच करोड़ 51 लाख खर्च एवं तीन साल में पांच प्रतिशत टंकी बनी के संदर्भ में अवगत कराना है कि योजना की कार्यलागत रू0 551.50 लाख के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को वर्तमान तक रू0 176.90 लाख का भुगतान हुआ है तथा उच्च जलाशय का कार्य प्रथम ब्रेस के ऊपर कॉलम कास्टिंग तक पूर्ण है जो उच्च जलाशय की भौतिक प्रगति का 25% है।

वर्तमान में योजना के उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर (फोटोग्राफ संलग्न) है तथा शेष कार्यों को पूर्ण कराते हुए दिसंबर 2026 तक योजना से जलापूर्ति प्रारंभ / सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अतः प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

for Pramod
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—


1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण / ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री धर्मनाथ यादव, जूनियर इंजीनियर।
7. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा को इस निर्देश के साथ कि योजनान्तर्गत अवशेष समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।


अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय जिला सूचना अधिकारी सुलतानपुर

समाचार पत्र का नाम : ...दैनिक...जागरण........... प्रकाशन स्थल ...[illegible]... दिनांक...08/05/2026

## पांच करोड़ 51 लाख खर्च, तीन साल में पांच प्रतिशत टंकी बनीं





अभियाकला में पानी टंकी का अधूरा पिलर व गांव में सड़क किनारे खुली पड़ी पाइप • जागरण

संसू, जागरण • भदैया (सुलतानपुर) : हर घर तक पानी पहुंचाने की सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना ब्लाक में दम तोड़ती नजर आ रही है। ब्लाक मुख्यालय के करीब डेढ़ दर्जन गांवों में योजना अभी भी अधूरी है। कहीं पानी की टंकी का निर्माण अधूरा है तो कहीं पाइपलाइन बिछाने को लेकर आए दिन विवाद हो रहा है। अभियाकला गांव में पाइप तो बिछ चुकी है, लेकिन टंकी का निर्माण केवल पांच प्रतिशत हो सका है और पांच करोड़ 51 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। इस बार गर्मी में भी ग्रामीणों को टोंटी से शुद्ध जल मिलने की उम्मीद नहीं नजर आ रही है।

अभियाकला गांव में जल जीवन मिशन योजना तीन वर्ष पहले शुरू हुई थी। यहां बोरिंग का कार्य तो पूरा कर लिया गया, लेकिन पानी की टंकी का निर्माण महज पांच प्रतिशत ही हो सका है। इसके बाद ठेकेदार ने काम रोक दिया, जिससे पूरी योजना अधर में लटका है। इस टंकी से शिवपुर और टोडरपुर पुरवे समेत कुल दो गांवों की लगभग 4629 लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। योजना पर गांव में पांच करोड़ 51 लाख रुपये खर्च किए जाने का दावा किया गया है। दो गांवों में 28.05 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जानी थी। अधिकारियों के अनुसार अधिकांश गांवों में पाइप बिछाने का कार्य पूरा भी कर लिया गया है। कई जगहों पर घर-घर कनेक्शन के लिए टोंटियां (कनेक्शन प्वाइंट) भी लगा दी गई हैं, लेकिन मुख्य टंकी का निर्माण ठप होने से पूरी व्यवस्था बेकार साबित हो रही है।

जल्द पूरा होगा काम: अवर अभियंता जल जीवन मिशन धर्मनाथ यादव का कहना है कि अभियाकला, हनुमानगंज, सहित कई गांव में जल्द ही पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

---

जिलाधिकारी महोदय की सेवा में,
अवलोकनार्थ प्रेषित

जिला सूचना अधिकारी
सुलतानपुर

जिलाधिकारी
सुलतानपुर

**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/25** **Date: 08.05.2026**

**To,**
**Executive Engineer (Civil)**
**U.P Jal Nigam (Rural)**
**Sultanpur, Uttar Pradesh**

**Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).**

**Subject :- Submission of Completion Plan of Abhiyakala (Block Bhadaiya).**

**Dear Sir,**

**With Reference to above subject, We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Abhiyakala (Block Bhadaiya). Total Estimate Cost Rs 551.5 Lakhs & Net Payment Received Rs 176.9 Lakhs. The last Payment was received in March 2025.**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | Distribution(Kms) | 28.05 | 20.50 | 7.55 | 25 Oct. 2026 |
| 6 | FHTC(Nos) | 891 | 150 | 741 | 10 Nov. 2026 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 1 | 0 | |
| 8 | Regular Water Supply | 891 | 0 | 891 | 18-Nov.2026 |
| 9 | OHT( 275 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.2 | 0.8 | 20 Dec. 2026 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized signatory)

--------------------------------------------------------------------------------

## विकासखण्ड–भदैया के अन्तर्गत अभियाकला पाइप पेयजल योजना के उच्च जलाश का कार्य प्रगति पर, का फोटोग्राफ

